देश में 10 साल में 300 गुना बढ़ गई स्टार्टअप की संख्या

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा...भारत सबसे तेजी से बढ़ते यूनिकॉर्न का घर

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का दावा है कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 साल में देश में स्टार्टअप की संख्या करीब 300 गुना बढ़ी है। 2014 में देश में करीब 350 स्टार्टअप थे।

कार्मिक राज्य मंत्री ने रविवार को कहा, आज वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारत के पास है। खास बात है कि यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते यूनिकॉर्न का घर है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप कंपनियों को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर से ज्यादा होता है।

सिंह ने कहा, मोदी सरकार के आने के बाद से अंतरिक्ष क्षेत्र पर ज्यादा जोर दिया है। इसे निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने के बाद से करीब चार वर्षों में अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या इकाई अंक से बढ़कर तिहरे अंकों में पहुंच गई है। एजेंसी

इस साल बनेंगे चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

सिंह ने कहा, मोदी सरकार के प्रयासों से देश 10 साल से कम अवधि में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कामयाब रहा। उम्मीद है कि इस साल हम चौथी व मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी बन जाएंगे। सरकार ने 2047 तक भारत को दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

रोजगार सिर्फ सरकारी नौकरी ही नहीं

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के युवाओं को पीएम के रूप में मोदी ने यह समझाने का प्रयास किया कि रोजगार सिर्फ सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं है। उन्होंने आजीविका के नए तरीकों को बढ़ावा दिया है, जो सरकारी नौकरी से अधिक आकर्षक हो सकते हैं।